निबंधन व शर्तें
अग्रणी परामर्शदाता (परिवार नियोजन)

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, पूर्णतया अनुबंध के आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व

अग्रणी परामर्शदाता, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के परिवार नियोजन प्रभाग में कार्यरत रहेगा और सीधे उपायुक्त परिवार नियोजन की देखरेख में काम करेगा। पद के विशिष्ट दायित्व निम्नानुसार हैं:

- राज्य सरकारों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के कार्यान्वियन को सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्तापूर्ण तकनीकी सहायता देने हेतु सभी कार्यकलाप करेगा ताकि स्वास्थ्य और लॉजिस्टिक्स प्रबंधन सहित स्थापित गुणवत्ता पैरामीटरों के अनुसार चलना सुनिश्चित हो सके।
- प्रभाग को तकनीकी अपडेट और नई प्रौद्योगिकी अपडेशन में सहायता देना।
- राज्यों में परिवार नियोजन कार्यक्रम की समग्र निगरानी जिसमें परिवार नियोजन कार्यकलापों के लिए अनुमोदित बजट के अनुसार व्यय पैटर्न की निगरानी तथा जब कभी कोई समस्या उभरती है तो राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को समय पर सुधारात्मक कार्रवाई का सुझाव देना शामिल है।
- समीक्षा बैठकों, वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक कार्य योजनाओं हेतु और जब कभी अपेक्षित हो, उच्च गुणवत्ता वाले विश्लेषित डाटा और रिपोर्ट प्रस्तुत करना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधीन देश के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के राज्य कार्यक्रम कार्यान्वियन योजना पीआईपी में परिवार नियोजन घटक का मूल्यांकन करना और इन्हें और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए उपयुक्त सुझाव देना। संशोधित राज्य पीआईपी में सुझावों का संतोषजनक समाधान करने हेतु अनुपालन सुनिश्चित करना।
- राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में राज्य स्वास्थ्य सोसायटी, प्रशिक्षण संस्थानों और मेडिकल कॉलेजों के साथ मजबूत संबंध विकसित और अनुरक्षित करना। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण की निगरानी तथा प्रशिक्षण कैलेंडर विकसित करने और प्रशिक्षण गतिविधियों का अनुसरण करने हेतु सहायता प्रदान करना।
- निष्पादन मानक मूल्यांकन करना और प्रशिक्षित सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षण के उपरांत राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदान की गई सहायता के सभी पहलुओं का मूल्यांकन करना।
- समय-समय पर राज्य / जिला/स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों के डाटा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ ताकत और कमियों का पता लगाना फील्ड कार्यकलापों, सभी चल रहे प्रशिक्षणों की प्रगति, राज्य और जिला स्तर पर डाटा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ऑनसाइट डाटा सत्यापन और सहायक पर्यवेक्षण तथा अभिज्ञात कमियों से पार पाने हेतु उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा करने के लिए विजिट करना। सहमत उपायों का कार्यान्वियन सुनिश्चित करने के लिए समय पर कार्रवाई अनुसरण और निगरानी करना। रिपोर्ट तैयार करके परिवार नियोजना प्रभाग से साझा करना, राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को सुधारात्मक कार्रवाई सुझाना और किए गए उपायों पर आगे नजर रखना।
- समय-समय पर पर्यवेक्षक द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

योग्यता और अनुभव संबंधी अपेक्षाएं

एमबीबीएस के साथ लोक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर योग्यता और 5+ वर्षो के कार्य का अनुभव जिसमें से 3-4 वर्ष आरसीएच, संबंधित कार्यक्रमों के प्रबंधन में प्रासंगिक अनुभव। सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली, और प्रासंगिक सरकारी नीतियों / कार्यनीतियों, विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य स्वास्थ्य समितियों की जानकारी।

या

गैर-एमबीबीएस (लेकिन प्रासंगिक डिग्री बीडीएस / बीएएमएस / बीएचएमएस / सामाजिक विज्ञान / पैरा मेडिकल में स्नातकोत्तर जो सार्वजनिक स्वास्थ्य में साल के कार्य अनुभव के साथ स्नातकोत्तर योग्यता जिसमें से आरसीएच से संबंधित कार्यक्रमों के प्रबंधन में 3-4 साल का प्रासंगिक अनुभव। लोक स्वास्थ्य प्रणाली, और प्रासंगिक सरकार की नीतियों / कार्यनीतियों, विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य स्वास्थ्य सोसायटी संबंधी जानकारी।

आवश्यक कौशल और क्षमताएँ

- महत्वपूर्ण विश्लेषण और रिपोर्ट लेखन का बेहतरीन कौशल अपेक्षित।
- हिंदी और अंग्रेजी दोनों में उत्कृष्ट पारस्परिक मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल ।
- प्रबंधन और फील्ड कर्मचारियों के साथ सहयोग करने की क्षमता।
- व्यापक रूप से यात्रा करने की तत्परता और क्षमता।

रिपोर्टिंग: उपायुक्त (परिवार नियोजन), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

आयु: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को आयु की ऊपरी सीमा 50 वर्ष और फील्ड विजिट के लिए अच्छा स्वास्थ्य।

पारिश्रमिक रेंज : प्रति माह 1,30,000 / - रु. से 1,70,000 / -रु. के बीच।

स्थान: नई दिल्ली

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक **28-Jun-2019** तक आवेदन पूर्णतया भर कर rch.recruitment@gmail.com पर ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।